# वैश्विक अशांति के बीच खाचरौद में गूंजा शांति का स्वर

**सामूहिक सामायिक से दिया अहिंसा का संदेश**




**खाचरौद। वर्तमान समय में जहां विश्व के अनेक देशों के बीच तनाव और संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, एक-दूसरे पर मिसाइलें दागी जा रही हैं और मानवता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। चारों ओर भय और अशांति का वातावरण व्याप्त है और देश अपनी सुरक्षा के लिए हथियारों की दौड़ में लगे हुए हैं।**

ऐसे विषम समय में भारत देश सदैव विश्व शांति, अहिंसा और सद्भावना का संदेश देता आया है। जैन समाज ने जप, तप, सामायिक और प्रार्थना के माध्यम से समस्त विश्व के कल्याण की भावना को सुदृढ़ करता है। इसी परिप्रेक्ष्य में जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा विश्व शांति एवं मानव कल्याण की मंगल भावना के साथ सामूहिक सामायिक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य भगवंत उमेशमुनि के सुशिष्य एवं प्रवर्तक जिनेंद्र मुनि के आज्ञानुवर्ती संतगण शिष्यरत्न एवं प्रखर वक्ता संदीपमुनि, अभयमुनि, आचार्य आनंदऋषि की सुशिष्या पूज्या मालवकीर्ति, पूज्या कीर्तिसुधा तथा वात्सल्यमूर्ति पूज्या मधुबाला एवं पूज्या अनुपमशिला सहित साधु-साध्वी भगवंतों ने अपनी पावन उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। सभी संतों ने अहिंसा का संदेश देते हुए सामायिक की महत्ता पर प्रकाश डाला। पूज्य संतों की प्रेरणा से मध्यप्रदेश रीजन नवसृजन के अंतर्गत गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप मैत्री के अध्यक्ष राजेंद्र नांदेचा, विनीता छाजेड़, राजेश चोपड़ा, स्वपनील सुराणा, आयुष बरडिया, दिव्या जैन, राखी जैन, कृतिका चंडालिया, सरिता लुणावत, टीना भारतीय, मोनिका मेहता, अनीता मेहता, निशा भंडारी, पूर्वा सकलेचा, रुचि बुपक्या, रीता लोढ़ा, श्वेता सुराणा एवं जिनीषा नांदेचा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही संगिनी मेन द्वारा जाप का आयोजन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनीता बरडिया, पंकज नांदेचा, पूजा बरखेड़ा वाला, नीतू मुणत एवं प्रिया चंडालिया की सहभागिता रही।

# हिंदू नववर्ष और गुड़ी पड़वा का पर्व रहा हर्षोल्लास




**महिदपुर।** इस वर्ष भी सरस्वती विद्या मंदिर, महिदपुर में हिन्दू नववर्ष 2083 गुड़ी पड़वा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख चैराहों पर आचार्य परिवार और समिति सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर तथा नीम-मिश्री का प्रसाद वितरित कर नगरवासियों का स्वागत कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

विजय स्तम्भ, बस स्टैंड, चौक बाजार और रणजीत हनुमान मंदिर के सामने स्वागत द्वार एवं नववर्ष के बैनर लगाकर राहगीरों को बधाई दी गई। कार्यक्रम में पत्रकार बंधु जवाहर डोसी, अर्जुन ठाकुर, विजय चौधरी, गौड़ और बुरड़जी ने भी उपस्थित रहकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नववर्ष के महत्व को दर्शाने वाले पत्रकों का वितरण किया गया। जिनमें श्रीराम के राज्याभिषेक, विक्रम संवत् के आरंभ, आर्य समाज की स्थापना, नवरात्रि प्रारंभ, अंगददेव, झूलेलाल एवं डॉ. हेडगेवार के जन्म जैसे विभिन्न ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहलुओं का उल्लेख किया गया।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष गिरधारीलाल उथरा, डॉ. मनोहरलाल सोनी, सुभाष राठी, डॉ. राजेश मेहता, विमल मेहता, महेश जोशी, प्राचार्य रामकृष्ण उपाध्याय सहित सभी आचार्यगण, दीदी एवं पूर्व छात्र पीयूष राठी, अनुराग टक्कर, शिवम टक्कर, श्रीपाल राठी, स्वतंत्र मेहता, अंकित रावल तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आचार्य गोपाल बैरागी द्वारा दी गई।

## एक नजर में

### खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दमखम

**घट्टिया।** मेरा युवा भारत का युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन श्री आरएएम कॉलेज घट्टिया में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह जलवा थे। अध्यक्षता कॉलेज डायरेक्टर भावना चौहान ने की। विशेष अतिथि युवा मोर्चा के पंकज रावल, खेल एवं युवक कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक बलवीरसिंह पवार एवं ग्राम पंचायत निपानिया गोयल सरपंच प्रतिनिधि सुरेश मालवीय थे। कबड्डी पुरुष वर्ग विजेता लखाहेड़ा उपविजेता गुराडिया गुर्जर, रस्सा खींच महिला वर्ग विजेता श्री राम कॉलेज घट्टिया और उपविजेता महर्षि अरविंद पब्लिक स्कूल कालूहेड़ा, 100 मीटर दौड़ में आशीष पाटीदार प्रथम, देवेंद्र द्वितीय, करण परमार तृतीय, गोला फेंक में सुनील दायमा प्रथम, गोविन्द गुजराती द्वितीय, कृष्णपाल प्रजापत तृतीय और महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ एवं गोला फेंक में संध्या गामी प्रथम, निकिता मालवीय द्वितीय, टीना चौहान तृतीय स्थान पर रहे। खिलाड़ियों को शील्ड, प्रमाण पत्र, टीशर्ट और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवजीत सिंह सोलंकी ने किया और आभार महाविद्यालय स्पोर्ट्स ऑफिसर मुकेश जाटव ने माना।

### गुड़ी पड़वा पर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत




**घट्टिया।** मप्र शासन द्वारा जल संरक्षण और जल संवर्धन के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ गुरुवार को गुड़ी पड़वा पर हुआ। अभियान का मुख्य उद्देश्य पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और जल संचय की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। उक्त अभियान की शुरुआत गुरुवार को जनपद पंचायत घट्टिया की सभी ग्राम पंचायतो में किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत में सार्वजनिक प्याऊ की स्थापना, देवालयों की साफ-सफाई, नालियों की साफ सफाई के कार्य प्रारंभ किए गए। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत घट्टिया में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी के जीर्णोद्धार का संकल्प लेकर कार्य प्रारंभ किया गया। ग्राम में स्थित इस ऐतिहासिक बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएस मुजाल्दा की उपस्थिति में हुआ। बावड़ी के प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए ग्रामीणजनों द्वारा बताया कि पहले कभी यह जल संरचना पानी से लबालब भरी रहती थी। अगर इसका जीर्णोद्धार हो जाएगा तो यह ऐतिहासिक धरोहर मूल स्वरूप में लौट आएगी। ग्रामीणों में इस अभियान को लेकर एवं कार्य प्रारंभ को लेकर उत्साह देखा गया। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा, पंकज रावल, सचिव अमर सिंह, सहायक सचिव मनोज मकवाना, जनपद पंचायत लेखपाल इकरार मंसूरी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### नजमी ग्रुप ने अवंतिका एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लाने की मांग की

**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ मेले की तैयारियों के मद्देनजर पश्चिम रेलवे के प्रभारी महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने उज्जैन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान नजमी ग्रुप उज्जैन द्वारा उन्हें यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। खुज़ेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले अवंतिका एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आती थी, लेकिन कुछ कारणों से इसे प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर कर दिया गया है। इससे यात्रियों, विशेषकर श्रद्धालुओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नजमी ग्रुप ने महाप्रबंधक से निवेदन किया कि अवंतिका एक्सप्रेस को पुन: प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लाया जाए, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वेटिंग रूम, प्लेटफॉर्म, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### उज्जैन के महाराष्ट्र समाज ने मुख्यमंत्री को भेंट की गुड़ी

**उज्जैन।** भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में मराठी साहित्य अकादमी द्वारा गुड़ी भेंट और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में शामिल होने के लिए उज्जैन से महाराष्ट्र समाज का प्रतिनिधिमंडल विशेष रूप से भोपाल पहुंचा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को गुड़ी भेंट की। इस अवसर पर महाराष्ट्र समाज के मिलिंद पन्हालकर ने मुख्यमंत्री के साथ के शाही सवारी 6 सितंबर 2010 के 16 वर्ष पुराने फोटो के साथ ही अन्य छायाचित्रों पर डॉ. मोहन यादव के ऑटोग्राफ लिये। उज्जैन से पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में समाज अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सचिव सुशील मुळे, विवेक जोशी, रविंद्र मुळे, मिलिंद पन्हालकर, प्रदीप जोग, यशवंत तिळगुडकर, मनोज कार्लेकर, संदीप वीपट, परेश कुलकर्णी, आलोक मोडे, राजेश फाटक, सुनीता मुळे, डॉ. नेत्रा रावणकर, अशोक रावणकर, प्रमोद पावडे, भारती पावडे, रोशनी पाटील, राजू निंबाळकर, राजहंस गायकवाड, तुषार मुजुमदार, संजय दिवटे, उल्लास लेले आदि शामिल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 11 प्रतिष्ठित संस्थाओं से प्राप्त गुड़ी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुड़ी पड़वा पर्व देशभर में अलग-अलग नामों और स्वरूपों में मनाया जाता है, लेकिन इसकी भावना और चेतना एक ही है। इसी पर्व के साथ हम भारतीयों का नववर्ष आरंभ होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्रीयन समाज की संस्थाओं, पदाधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों में क्रियाशील समाजसेवियों का सम्मान किया। यह जानकारी मिलिंद पन्हालकर ने दी।



# जल गंगा संवर्धन अभियान चलेगा 30 जून तक






**बड़नगर।** जल गंगा संवर्धन 2026 अंतर्गत पूरे प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक अभियान चलाया जाना है। इसमें नगर पालिका परिषद में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का शुभारंभ 19 मार्च 2026 गुड़ी पड़वा नववर्ष को विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या द्वारा चामला नदी की पूजा अर्चना कर पाला डेम पर किया गया।

विधायक द्वारा पुरानी टंकी परिसर के समीप नवीन प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़, जल सभापति अजय दोराया, पार्षद आनंद अनावड़िया, राजेश परमार, लोकेंद्र सिंह पंवार, प्रद्युम्न पंड्या, अभिजीत सिंह राणावत आदि गणमान्य नागरिकों सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेंद्र पाराशर, तहसीलदार रूपाली जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एमआर निंगवाल, उपयंत्री रवि पांचाल, संजय श्रीवास्तव, सुरेश कुशवाह, प्रशांत माथुर, वाहिद बेग उपस्थित थे। जानकारी जल गंगा संवर्धन अभियान के नोडल अधिकारी विनोद पोरवाल द्वारा प्रदान की गई।

# उज्जैन दरवाजा की 54 दुकानें हटाने के हाईकोर्ट के आदेश को शीर्ष कोर्ट ने पलटा

**नगर पालिका की हुई बड़ी विजय**

**खाचरौद।** नगर पालिका द्वारा उज्जैन दरवाजा क्षेत्र में निर्मित 54 दुकानों के हाई कोर्ट के तोडने के फैसले के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट द्वारा 19 मार्च को ऐतिहासिक फैसला पारित करते हुए नगर पालिका के हित में फैसला सुनाया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि एक जनहित याचिका द्वारा नगर पालिका के विरुद्ध उक्त 54 दुकानों को तोड़ने के लिए केस दायर किया गया था। उक्त मामले में उच्च न्यायालय इंदौर द्वारा नगर पालिका के खिलाफ फैसला सुनाते हुए 54 दुकानों को तोड़ने का आदेश पारित कर दिया था। उक्त फैसले के विरुद्ध नगर पालिका परिषद और दुकानदारों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अपील प्रस्तुत की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 19 मार्च को नगर पालिका एवं दुकानदारों के हित में फैसला सुनाते हुए आदेश पारित किया कि दुकानें यथावत स्थिति में रहेंगी। नगर पालिका की समस्त कार्रवाई को भी सुप्रीम कोर्ट ने विधि सम्मत माना है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में वर्ष 2011 से यह मामला विचाराधीन था। आज लगभग 15 वर्ष बाद नगर पालिका व व्यापारियों के हित में फैसला आया हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रकरण में समय-समय पर सीनियर एडवोकेट के माध्यम से प्रकरण में नगर पालिका एवं दुकानदारों के हित मे मजबूती से पक्ष समर्थन किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गए ऐतिहासिक फैसले से जहां प्रशासन को राहत मिली हैं। वहीं 54 दुकानों के व्यापारियों ने भी राहत की सास ली है। इस फैसले ने 54 परिवारों को उजड़ने से बचाया है जिससे उनकी रोजीरोटी बची है।

# क्षिप्रा सफाई के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**हिन्दू नववर्ष पर जनप्रतिनिधियों ने फहराई धर्म ध्वजा**




**महिदपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक चलाया जावेगा। अभियान अंतर्गत नगर के जल स्त्रोंतों का संवर्धन, उन्नयन, जीर्णोद्धार, साफ सफाई एवं पौधारोपण कार्य किये जा रहे हैं। अभियान का शुभारंभ आज 19 मार्च को नगरपालिका अध्यक्ष नानीबाई माली द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षिप्रा तट पर ध्वज फहराकर किया गया।

क्षिप्रा नदी के गउघाट की सफाई की गई, जिसमें सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों, आमजन द्वारा श्रमदान किया गया। तत्पश्चात पर्यावरण बचाने के लिए उपस्थितों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान, एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमा पाण्डे, पार्षद आशा राठौर, जगदीश राठौर, सोनु परमार, महेश जोशी, उषा जोशी, डॉ. विपुल धाड़ीवाल नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारी व अन्य मौजूद थे। सीएमओ राजा यादव द्वारा चर्चा में बताया कि नगरपालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कुएं, बावड़ी, नाला, नालियों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत 1000 नवीन पौधे लगाए जाएंगे हैं वहीं कुएं, बावड़ी, फिल्टर प्लांट की सफाई एवं रंगरोगन तथा वाटर हार्वेस्टिंग कार्य लक्षित किये गये हैं।

# टेपा के कांव-कांव सम्मेलन में आएंगे कई कवि



**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर 1 अप्रैल को कालिदास अकादमी में आयोजित होने वाले 53वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन में प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि शंभू शिखर (मधुबनी, बिहार), प्रसिद्ध व्यंग्य कवि सुभाष काबरा (मुंबई), प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि एकेश पार्थ (जयपुर), प्रिया खुशबु (कन्नौद), हास्य कवि लोकेश जडिया (धार), कवि पं. राहुल शर्मा आदि कांव-कांव सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। सूत्रधार अंतर्राष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज होंगे।

मनीष शर्मा ने बताया कि प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ और टेपा के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा जी की स्मृति को समर्पित 53वें टेपा सम्मेलन में सांदीपनि न्यास टेपा सम्मान कवि शंभू शिखर को, पंडित सूर्यनारायण व्यास स्मृति टेपा सम्मान कवि सुभाष काबरा को, रंगकर्मी भगवती शर्मा स्मृति टेपा सम्मान कवयित्री प्रिया खुशबू को, गणेश चिंतामन शास्त्री पंडा नाहरवाला स्मृति सम्मान कवि एकेश पार्थ को, स्व. रणछोड़सिंह आंजना स्मृति टेपा सम्मान कवि राहुल शर्मा को और स्व. किशनलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान हास्य कवि लोकेश जडिया को प्रदान किया जाएगा। स्थानीय आमंत्रित हस्तियों पर प्रशस्ति वाचन, चिल्मी मुकदमा आदि चलाया जाएगा। टेपा सम्मेलन में विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट आदिश सी अगरवाला, बैरवा समाज अध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट, चार्टर्ड अकाउंटेंट कमलेश धनोतिया आदि को टेपा अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। टेपा सम्मेलन में फिल्म धुरंधर फेम कॉमेडियन प्रख्यात हास्य अभिनेता राकेश बेदी (मुंबई) आकर्षण का केंद्र होंगे।



# तिलक लगाकर शहरवासियों को दी नवसंवत्सर की शुभकामनाएं

**उज्जैन।** हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा के महापर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सनातन धर्म का नया साल मनाया जा रहा हैं। भारतीय संस्कृति का परचम लहराते हुए हिन्दुत्व एकता दिखाने के उद्देश्य एवं धर्म रक्षा के संकल्प के साथ आज सुबह अखंड हिंदू युवा संगठन द्वारा देवास गेट बस स्टैंड चौराह स्थित श्री वीर हनुमान अंजली माता मंदिर के समीप सभी सनातनी भाइयों को विजय तिलक लगाकर गुड़-धनिया एवं नीम की पत्ती का प्रसाद और छाछ के पैकेट का वितरण कर शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश फैलाना है। इस दौरान अखंड हिंदू युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार चंदेल, मीडिया प्रभारी महेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शुभम चौहान, जिला संयोजक जितेन्द्र प्रजापत, जिला महामंत्री दीपक प्रेमचंदनी, जिला संगठन महामंत्री दिनेश कुंभकार, जिला सचिव शंकर प्रजापत, जिला कार्यालय महामंत्री राजेश कच्छावा, जिला सहसचिव विजय श्रीवास, तहसील अध्यक्ष विजय प्रजापत, नगर मीडिया प्रभारी संदीप व्यास, नगर सचिव ओम प्रजापत नगर संयोजक अरविंद कौशल, नगर कार्यालय महामंत्री संतोष मांडव, वार्ड अध्यक्ष ईश्वर गोस्वामी, वार्ड अध्यक्ष भूपेन सूर्यवंशी, सक्रिय सदस्य मनीष गहलोत, विशाल जायसवाल, पवन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी नगर मीडिया प्रभारी संदीप व्यास द्वारा दी गई।

**एक नजर** | **विक्रमादित्य टीले पर फहराई सबसे लंबी उंची धर्म ध्वजा**

# पेशवाई स्वरूप में निकली विशाल ध्वज यात्रा सम्राट



**उज्जैन।** श्री करपात्री कल्याण आश्रम बड़वाह एवं विक्रमादित्य नवसंवत् धर्म ध्वजा समिति के तत्वावधान में विक्रम संवत् 2083 चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पडवा को प्रात: 9 बजे गोपालमंदिर पर महात्माओं द्वारा ध्वज पूजा कर चल समारोह प्रारंभ किया। 51 फीट लंबी ध्वजा के साथ चल समारोह छत्रिचौक से विक्रमादित्य टीले पर समापन हुआ। चल समारोह मार्ग पर भक्तों द्वार धर्म ध्वजा एवं संतो का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया

सनातनी नव वर्ष 2083 चैत्र प्रतिप्रदा पर श्री गुरु परंपरा अनुसार आयोजित कार्यक्रम रुद्र सागर में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेषानंद गिरी महाराज, महामण्डलेश्वर महंत ज्ञानदास महाराज, महामण्डलेश्वर भागवतानंद गिरी महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी रामकृष्णनंद गिरी महाराज, महंत नीलेश्वर गिरिजा महाराज, पं. गिरिश शर्मा एवं सच्चिदानंद महाराज द्वारा परंपरागत ध्वज बदला गया। चलसमारोह में विद्वान ब्राह्मण बटुक, मनोज मेहता ग्रुप सावेर इंदौर की नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती तलवार भाले से खेलती हुई कन्याएं, बंगाली समाज की 51 शंख ध्वनि करती हुई माताएं बहने, वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए 150 बटुक ब्राह्मण और शौर्य प्रदर्शन करते बाबा महाकाल की नगरी के पुरुषोत्तम तिवारी के अखाड़ों मे शस्त्र प्रदर्शन करते बच्चियां, बच्चे व युवा इन सभी का उत्साहवर्धन करते हुए ढोल ताशे और बैंड बाजे के साथ रथ में विराजित मां की पादुका, नगर वासियों द्वारा नववर्ष का मां शक्ति की आराधना का परमानंद ग्रहण करते दिखाई दिए। धर्म ध्वजा यात्रा में मुख्य रूप से पंडित दीपक व्यास, मुकेश भाटी, रवि राय, पार्षद गण, हिन्दू संगठन, युवामंच सत्संग समिति, महाकाल शयन आरती भक्त मंडल, हरसिध्दि भक्त मंडल के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति के साथ शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। चल समारोह का स्वरूप सिंहस्थ में निकलने वाली पेशवाई सा दिखाई दिया। ध्वजारोहण के पश्चात संतो द्वारा दीप प्रज्वलित कर डॉ. कल्याणी चेतन्य अम्माजी की पादुका पूजन, गादिपति सच्चिदानंद महाराज एवं समिति के सदस्यों द्वारा कर महात्माओं का सम्मान किया। इस दौरान मुख्य आयोजक फूलचंद जरिया, महेश तिलक, किरणकांत मेहता, देवेंद्र राय, बबलू खिच्ची, धर्मेन्द्र राठौर, योगेश साद, पंकज सोलंकी, घनश्याम चौधरी, डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, गेंदालाल जरिया, गंगाराम जरिया, गोपाल बागरवाल, महेंद्र कटियार, दिलीप राठौर, विजय उपाध्याय, आरती शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे।